<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–19 दिसम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- ऑर्डर ऑफ ओमान' पुरस्कार से सम्मानित हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। मस्कत में मिले इस सम्मान को भारत और ओमान के एक अरब चालीस करोड़ लोगों के बीच के स्नेह और प्रेम का प्रतीक बताया।
- लोकसभा ने पारित किया विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण की गारंटी, ''विकसित भारत–जी राम जी विधेयक दो हजार पचीस''। विधेयक पर राज्यसभा में भी हुई चर्चा।
- इंडियन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी के चौवनवें वार्षिक अधिवेशन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कहा–बीमारी होने से पहले की सावधानी के लिए लोगों को तैयार करना होगा।,
- आज से शुरू हो रहा है प्रदेश विधान मंडल का शीतकालीन सत्र।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल मस्कत में भारत–ओमान संबंधों में उनके असाधारण योगदान और दूरदर्शी नेतृत्व के लिए ओमान के सुल्तान हैशम बिन तारिक द्वारा 'ऑर्डर ऑफ ओमान' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों के सत्तर वर्ष पूरे होने के अवसर पर यह सम्मान रणनीतिक साझेदारी को विशेष महत्व देता है। प्रधानमंत्री ने इस सम्मान को दोनों देशों की सदियों पुरानी मित्रता को समर्पित किया और इसे भारत और ओमान के एक अरब चालीस करोड लोगों के बीच के स्नेह और प्रेम का प्रतीक बताया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मस्कत में सम्मानित होने पर शुभकामनाएं दी हैं।

**********

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीण की गारंटी, ''विकसित भारत–जी राम जी दो हजार पचीस'' कल लोकसभा ने पारित कर दिया। एक रिपोर्ट–

**नए विधेयक का उद्देश्य श्रमिकों को अधिक कार्य दिवसों की गारंटी बेहतर मजदूरी और सुरक्षा प्रदान करना है। मनरेगा के तहत फिलहाल एक वित्त वर्ष में 100 दिन के काम की गारंटी दी जाती है, वहीं नए विदेश में हर साल 125 दिन का रोजगार मिलेगा। यदि 15 दिन के भीतर रोजगार उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो विधेयक में बेरोजगारी भत्ता देने का भी प्रावधान है। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।**

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में मनरेगा योजना को उचित और प्रभावी ढंग से लागू किया गया है।

**हम पैसा बचाना नहीं चाहते, हम रोजगार देना चाहते हैं। गांव को विकसित बनाना चाहते हैं। इसके इसी साल बजट में प्रस्तावित है 1 लाख 51 हजार 282 करोड़ रुपया और ये रुपया कहां जाएगा ये मजदूरों को मजदूरी के लिए भी जाएगा, ये गांव के विकास के लिए भी जाएगा। अकेले भारत सरकार 95 हजार छह सौ करोड़ रुपया खर्चा करेगी।**

विधेयक पर कल राज्यसभा में भी चर्चा हुई।

प्रदेशवासियों ने ''विकसित भारत–जी राम जी दो हजार पचीस'' विधेयक के लोकसभा में पास होने पर खुशी जताई है। अमरोहा निवासी बलवीर सैनी ने बताया कि इस योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिलने के साथ ही लोगों को रोजगार के भरपूर अवसर मिलेंगे।

**विकसित भारत जी राम जी, जो हमारी सरकार योजना ला रही है, इससे हमारे ग्राम वासियों को बहुत लाभ मिलेगा और बहुत अच्छी योजनाएं चल रही हैं यह। जबसे यह सरकार बनी है, गांव वालों के लिए और शहर वालों के लिए भी बहुत अच्छी योजनाएं लाए हैं और बहुत अच्छा लाभ मिल लिया है हमें।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय ने पिछले सौ वर्षों में भारतीय संगीत, नृत्य, नाट्य और ललित कलाओं को न केवल संरक्षित किया है, बल्कि उन्हें आधुनिक शैक्षणिक व्यवस्था से जोड़कर प्रतिष्ठित भी किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार कलाकारों को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**कलाकारों को सुरक्षित, सम्मानित और सशक्त वातावरण प्राप्त हो, उस प्रकार का प्लेटफार्म सरकार देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और सरकार इसके लिए हर प्रकार का कार्य करेगी कलाकारों के कल्याण के लिए, उनके स्वास्थ्य, उनके प्रशिक्षण, उनके लिए मंच, उनके लिए आजीविका इन सब के लिए हम लोग एक व्यवस्थित नीति के तहत उसे आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बताया कि भातखंडे विश्वविद्यालय को लखनऊ में लगभग छह एकड़ भूमि दी गई है, जहां वैश्विक मानकों के अनुसार नया परिसर तैयार किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ के एसजीपीजीआई में इंडियन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी के चौवनवें वार्षिक अधिवेशन को संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि बीमारी होने से पहले की सावधानी के लिए लोगों को तैयार करना होगा। उन्होंने किडनी के मरीजों के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में चर्चा की और कहा कि डायलिसिस के लिए सरकार ने हर जिले में निःशुल्क केन्द्र खोले हैं।

**********

प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो रहा है। चौबीस दिसंबर तक चलने वाले इस सत्र में अनुपूरक बजट पेश किया जाएगा, साथ ही वंदे मातरम पर चर्चा भी की जाएगी। सत्र से एक दिन पहले कल एक सर्वदलीय बैठक आयोजित की गई। एक रिपोर्ट–

**कार्य मंत्रणा समिति की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना के साथ ही भाजपा समेत अन्य पार्टियों के सदस्य शामिल हुए। बैठक में 22 दिसंबर को वंदे मातरम पर 5 घंटे की चर्चा पर सहमति बनी। इसी दिन सरकार अनुपूरक बजट भी सदन में पेश करेगी। शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में 8 अध्यादेशों को भी मंजूरी के लिए सदन में पेश किया जाएगा। सत्र के आखिरी दिन यानी 24 दिसंबर को अनुपूरक बजट पर चर्चा होगी। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित खादी प्रदर्शनी–दो हजार पचीस का उद्घाटन किया। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस दस दिवसीय प्रदर्शनी में खादी के उत्पादों के लगभग पचास स्टॉल लगाए गए हैं।

**********

प्रयागराज में माघ मेले की तैयारियां तेज हो चुकी हैं। वहां के पुलिस उपायुक्त अजय पाल शर्मा ने बताया कि तीन जनवरी दो हजार छब्बीस से शुरू होने जा रहे माघ मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम रहेंगे।

**एसडीआरएफ की टीम्स रहेंगी। हमारे एनडीआरएफ की टीम्स रहेंगी। इसके अलावा आरएएफ का और अन्य जो पुलिस बल हैं उनका सहयोग लिया जाएगा। इसके साथ ही जो अलग–अलग हमारे सर्कल्स हैं, सेक्टर्स हैं वहां पर सीओ से लेकर के एसएचओ उसकी तैनाती लगातार की जा रही है। इसके अलावा जो बाहर से जो सड़क मार्ग से आने वाले यात्री हैं उनके लिए जो पार्किंग्स हैं लगभग 1,30,000 से ज्यादा संख्या में गाड़ियों के लिए पार्किंग की व्यवस्था है तो 42 पार्किंग्स को चिन्हित किया गया है और रेलवेज के अधिकारियों के साथ, रोडवेज के अधिकारियों के साथ में सभी के साथ इस संबंध में बैठक करके उसके जो रूट मैप से उसको तैयार कर लिया गया है।**

माघ मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के वाराणसी परिक्षेत्र के आठ जिलों से तीन चरणों में तीन सौ छत्तीस अतिरिक्त बसें भी चलाई जाएंगी। इनमें जनरथ एसी बसें भी शामिल होंगी।

**********

प्रदेश के अधिकांश जिले कड़ाके की ठंड और घने कोहरे की चपेट में हैं। मौसम विभाग ने प्रदेश के पूर्वी संभाग में अनेक स्थानों पर, जबकि पश्चिमी संभाग में कुछ स्थानों पर आज के लिए भी घने से लेकर अत्यंत घने कोहरे का रेड अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक प्रदेश भर में चौबीस दिसम्बर तक कहीं–कहीं घने कोहरे की आशंका बनी हुई है।

ठंड और कोहरे के चलते प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। लखनऊ में जिलाधिकारी विशाख जी ने कक्षा एक से बारह तक के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों को सुबह नौ बजे के बाद संचालित करने के निर्देश दिए हैं। वहीं जौनपुर, उन्नाव, पीलीभीत, सुल्तानपुर और कुशीनगर सहित कई अन्य जिलों में सभी स्कूलों में कक्षाएं सुबह दस बजे से दोपहर तीन बजे तक चलाने का आदेश जारी किया गया है।

कोहरे का असर सड़क यातायात के साथ–साथ रेल यात्राओं और हवाई यात्राओं पर भी पड़ने लगा है।

**********